प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. दूसरे और अंतिम चरण का चुनाव प्रचार आज शाम होगा समाप्त, बीस नवंबर को 38 विधानसभा सीटों पर डाले जाएंगे वोट।
2. एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों की आज धुआंधार सभाएं, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का भी दौरा।
3. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा– चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद निजी वाहनों पर किसी तरह का बोर्ड या बैनर लगा कर चलने पर होगी कार्रवाई।
4. और महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में, भारत ने जापान को तीन–शून्य से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश।

****************

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 20 नवंबर को कुल 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14 हजार 218 बूथों पर मतदान होगा। इनमें से 31 बूथों पर सुबह सात से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। रांची में संवाददातओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां 19 नवंबर को अपने–अपने मतदान केंद्रों पर जाएंगी। इस चरण के चुनाव में किसी भी बूथ पर हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को नहीं भेजा जाएगा।

श्री कुमार ने कहा कि चुनाव का प्रचार खत्म होने के बाद निजी वाहनों पर बैनर या बोर्ड लगाने पर रोक रहेगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अबतक राज्य के विभिन्न हिस्सों से तलाशी अभियान के दौरान एक अरब 96 करोड़ रुपये जब्त किये गये हैं।

****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है। आज प्रचार के आखिरी दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

इधर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज झारखंड के दौरे पर आएंगे । रांची में संवाददाताओं से बातचीत में श्री गांधी कांग्रेस की बातों को रखेंगे। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान आज संथाल और कोयलांचल में रोड शो और जनसभाएं करेंगे। हमारे गिरिडीह संवाददाता ने बताया कि भाजपा की स्टार प्रचारक माधवी लता आज निर्भय कुमार शहाबादी और गांडेय प्रत्याशी मुनिया देवी के लिए रोड शो करेगी। कल्पना सोरेन गांडेय विधान सभा क्षेत्र में रोड शो करेंगी और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पीरटांड़ में जनसभा को संबोधित करेंगे।

****************

पाकुड़ जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है।

****************

दूसरे चरण के चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं का धुआंधार प्रचार और आरोप –प्रत्यारोप जारी है । झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गिरिडीह, जामा और जामताड़ा में रैलियों में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील की और कहा कि भाजपा लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से भटका रही है।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गोमिया, सिंदरी और नाला में चुनाव सभाओं में झारखंड की हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोला। श्री नड्डा ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी के बीच आदिवासी विरोधी, दलित विरोधी और तुष्टिकरण की राजनीति को जन्म देने वाला गठबंधन है।

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी बोकारो जिले की विधानसभा सीटों की, जहां दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है।

****************

बिहार में महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में भारत ने अंतिम ग्रुप–स्टेज मैच में जापान को 3–0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला बुधवार को खेला जायेगा।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियों और ताबड़तोड़ प्रचार की खबर को प्रमुखता दी ळें

प्रभात खबर ने लिखा है– सिर्फ 48 घंटे शेष, इंडिया गठबंधन के लिए गढ़ बचाने और एनडीए के लिए सीट बढ़ाने की चुनौती।

हिंदुस्तान के शब्द हैं – अंतिम चरण की 38 सीटों पर आज थम जाएगा प्रचार।

चुनाव ड्यूटी से गायब 6 पर केस, 24 सस्पेंड, शीर्षक के साथ दैनिक भास्कर ने इस खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है ।

दैनिक जागरण ने लिखा है – कल मतदान केन्द्रों पर पहुंचेंगे चुनावकर्मी, हेलीकॉप्टर की नहीं पड़ेगी आवश्यक्ता।

****************